# सरदार वल्लभभाई पटेल योजना के तहत जिलों में 100 एकड़ भूमि चिह्नित

राज्य ब्यूरो, जागरण• लखनऊ : सरदार वल्लभभाई पटेल योजना के तहत प्रत्येक जिले में 100 एकड़ भूमि चिह्नित की गई है। वहां प्लग-एंड-प्ले माडल पर चरणबद्ध क्लस्टर आधारित औद्योगिक विकास किया जाएगा जिससे सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को जल्द स्थापित होने में सुविधा मिलेगी। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने लघु उद्योग भारती के साथ बुधवार को संवाद और समीक्षा में यह जानकारी दी।

मंत्री ने औद्योगिक भूखंड आवंटन में सुधार, रद किए गए भूखंडों के दोबारा आवंटन, औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास, लीज रेंट और रखरखाव शुल्क पर चर्चा की। स्टार्टअप्स, पुरानी औद्योगिक इकाइयों को प्राथमिकता, प्रदूषण नियंत्रण, लाइसेंसिंग प्रक्रिया के सरलीकरण को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। औद्योगिक भूखंड आवंटन से संबंधित गैरजरूरी मुकदमेबाजी को न्यूनतम किए जाने, आवंटित भूमि का समयबद्ध औद्योगिक/व्यावसायिक उपयोग सुनिश्चित किए जाने पर दिशा-निर्देश भी जारी किए। इस मौके पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी इन्वेस्ट यूपी आलोक कुमार भी मौजूद थे।